# तेरी कृपा ना होती अगर श्याम भजन लिरिक्स

श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे,
तेरी कृपा ना होती अगर,
कटता ना ज़िन्दगी का सफर,
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे।bd।

तर्ज – श्याम मैं तेरा लाडला।

---

जबसे तुमने थामा,
रोशन है ज़िन्दगी,
दु:ख मिट गए हमारे,
छाई है अब खुशी,
तेरे बिना ओ मेरे श्याम,
सूना है ये आशियाँ,
तू ही मेरा है सांवरे,
झूठी है ये दुनिया,
मेरी हर घड़ी की,
रखता तू ही खबर,
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे।bd।

---

आपकी दया से,
परिवार पल रहा,
बिन मांगे ही कन्हैया,
सबकुछ ही मिल रहा,
सेवा करूँ पूजा करूँ,
मन में यही आस है,
रिश्ता मेरा तेरा ओ श्याम,
जग में बड़ा ख़ास है,
अपने भक्तों की,
करता तू ही कदर,
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे।bd।

---

दु:ख में सुख में तुमको,
पाया है सामने,
हर एक कदम निभाया,
‘मोहित’ को आपने,
तेरे बिना ओ मेरे श्याम,
श्याम है मेरी ज़िन्दगी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चाहूँ यही मैं तो श्याम,
बस तेरी ही बंदगी,
रखना यूँ ही मुझपे,
रहमत की तू नज़र,
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे।bd।

---

श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे,
तेरी कृपा ना होती अगर,
कटता ना ज़िन्दगी का सफर,
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे।bd।

**Singer – Vikas Bagri**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com